गाड़ियों का लूटा जाना

***557. श्री मोहन स्वरूप :**
श्री बड़े :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री काशीराम गुप्त :
श्री गुलशन :
श्री शिवमूर्ति स्वामी :
श्री मं० रं० कृष्ण :
श्री मा० ल० जाधव :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में मैसूर तथा महाराष्ट्र क्षेत्रों में दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद समस्या के सम्बन्ध में रेलगाड़ियों को लूटा गया था ;

(ख) यदि हां, तो ऐसी घटनाओं की मोटी मोटी बातें क्या हैं ;

(ग) इनके परिणामस्वरूप रेलवे तथा लोगों को अनुमानतः कितनी हानि हुई ; और

(घ) उन व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है जिन्होंने रेलगाड़ियों को रोका तथा रेल सम्पत्ति को लूटा ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं। लेकिन विभिन्न स्थानों पर भीड़ ने गाड़ियों को रोक लिया और हिंसात्मक कार्रवाई की।

(ख) कुल मिलाकर 60 गाड़ियां रोकी गयीं, 4 मध्य रेलवे पर और 56 दक्षिण रेलवे पर ।

(ग) दोनों रेलों में रेल सम्पत्ति को अनुमानतः 22,153 रुपये तक की और बुक किये गये परेषणों को 100 रुपये की हानि हुई ।

(घ) गाड़ियों को रोकने की वजह से पुलिस ने सत्याग्रहियों को गिरफ्तार कर लिया और भारतीय रेल अधिनियम की धारा 122 के अधीन मामले दर्ज किये हैं ।

मैसर्स ट्रैक्टर एण्ड बुलडोजर प्राइवेट लिमिटेड

***558. श्री बड़े :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री काशी राम गुप्त :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री वारियर :
श्री वासुदेवन नायर :
श्री प्रभात कार :
श्री नरेन्द्र सिंह महीडा :
श्री मलाइछामी :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स ट्रैक्टर एण्ड बुलडोजर प्राइवेट लिमिटेड, बड़ौदा को निर्धारित मूल्य पर ट्रैक्टर बेचने के लिये लाइसेंस दिये गये थे ;

(ख) क्या यह भी सच है कि चैकोस्लोवाकिया के ट्रैक्टरों को राज्य व्यापार निगम द्वारा निर्धारित किये गये मूल्यों से अधिक मूल्यों पर बेचा जा रहा है ;

(ग) क्या राज्य व्यापार निगम ने इस बारे में कोई जांच की है कि इनको ऊंची दरों पर क्यों बेचा जा रहा है ; और

(घ) इस बारे में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री मनुभाई शाह) : (क) जी, हां ।

(ख) से (घ). राज्य व्यापार निगम को ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिससे यह कहा जा सके कि मैसर्स ट्रैक्टर एण्ड बुलडोजर प्रा० लि० ने चेकोस्लोवाकिया से आयातित ट्रैक्टर, निगम द्वारा निर्धारित कीमतों से अधिक कीमतों पर बेचे हैं। निगम को उन पक्षों से चार

पत्र प्राप्त हुए हैं जिन्होंने चेकोस्लोवाकिया से आयातित ट्रेक्टर लिये थे और जिन में कुछ औजारों तथा सहसाधनों के कम संभरण का उल्लेख है। निगम द्वारा मामले की जांच की जा रही है। इस बीच में मैसर्स ट्रैक्टर एण्ड बुलडोजर प्रा० लि० ने निगम को आश्वासन दिया है कि किसी वास्तविक उपयोक्ता द्वारा औजारों तथा सहसाधनों की कम प्राप्ति का ब्यौरा मिलने पर वे ऐसे उपयोक्ता को उपयुक्त मुआवजा देने को तैयार हैं। इन में से एक पत्र मे० ट्रैक्टर एण्ड बुलडोजर प्रा० लि० के एक भूतपूर्व एजेण्ट का है जिसकी एजेंसी समाप्त कर दी गई प्रतीत होती है।

एल्यूमिनियम उद्योग का विकास

*559. श्री ओंकार लाल बेरवा : क्या खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एल्यूमिनियम उद्योग के विकास की बहुत गुंजाइश है और देश में एल्यूमिनियम बहुत बड़ी मात्रा में उपलब्ध है ;

(ख) क्या सरकार ने राजस्थान में अनेक स्थानों में सर्वेक्षण किया है ;

(ग) यदि हां, तो किन स्थानों पर एल्यूमिनियम पाया गया है ; और

(घ) कितनी मात्रा पाई गई है ?

खान तथा धातु मंत्री (श्री सु० कु० डे) : (क) चूंकि देश में बाक्साइट के पर्याप्त निक्षेप मौजूद हैं अतः विद्युत शक्ति तथा अन्य आवश्यक अनिर्मित पदार्थों के उपलब्ध होने की दशा में एल्यूमिनियम उद्योग काफी हद तक विकसित किया जा सकता है।

(ख) और (ग) बीकानेर में गजनेर, टोंक में कोटा, कोकरगढ़, ईसरबास, कोटरा और आगरा में बाक्साइट होने के चिन्ह मिले हैं।

(घ) इन संचयों का अनुमान अभी नहीं लगाया गया है तथापि इनके अनुसंधान किये जाने का प्रश्न विचाराधीन है।

उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्य

*560. श्री पन्नालाल :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री बृजवासी लाल :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राज्य सरकारों ने मूल्यों में होने वाली वृद्धि को रोकने तथा उपभोक्ता वस्तुओं का नियमित सम्भरण बनाये रखने के हेतु अधिक शक्तियां प्राप्त करने के लिये केन्द्रीय सरकार से प्रार्थना की है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री मनुभाई शाह) : (क) जी, हां।

(ख) राज्य सरकारों को उपयुक्त शक्तियां दे दी गई हैं।

Aluminium Factory in Kerala

*561. Shri P. Kunhan:
Shri A. K. Gopalan:

Will the Minister of Mines and Metals be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 2383 on the 18th March, 1966 and state:

(a) whether the detailed proposals regarding the location and establishment of the Aluminium Factory in Kerala have been finalised;

(b) if so, the nature thereof; and

(c) when the factory is likely to be set up?

The Minister of Mines and Metals (Shri S. K. Dey): (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.